जीएसटी से सरकार को राजस्व का नुकसान

बोले विवेक देबरॉय

संवाददाता, कोलकाता

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन विवेक देबरॉय ने मंगलवार को कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यक्रम में कहा कि सरकार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के कारण राजस्व का नुकसान हो रहा है. हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि जीएसटी से चीजें काफी सुगम हुई हैं. श्री देबरॉय ने कहा कि आदर्श जीएसटी वह है, जिसमें एक ही दर हो और इसका उद्देश्य राजस्व तटस्थ होना था. वित्त मंत्रालय की गणना के अनुसार, जब जीएसटी पहली बार लागू किया गया था तो औसत दर कम से कम 17 प्रतिशत होनी चाहिए थी. लेकिन मौजूदा दर 11.4 प्रतिशत है. जीएसटी की वजह से सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है. उन्होंने कहा कि जनता के साथ-साथ जीएसटी परिषद के सदस्य भी चाहते हैं कि 28 प्रतिशत कर की दर कम हो. लेकिन कोई भी नहीं चाहता कि शून्य और तीन प्रतिशत कर की दरें बढ़ें. उन्होंने 'मजबूत और आत्मनिर्भर भारत पर विशेष सत्र' में कहा कि इस तरह, हमारे पास कभी भी सरलीकृत जीएसटी नहीं होगा. श्री देबरॉय ने कहा कि जीएसटी प्रावधानों का बहुत दुरुपयोग हो रहा है. हालांकि, उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया. इस मौके पर कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशन कुमार केजरीवाल ने अतिथियों का स्वागत किया.